# पाठ्य पुस्तक के सभी प्रश्न उतर

1 प्रश्नः— विजय प्राप्तकरने के लिए भगवान की कृपा किसका रूप धारण करती है?

उतरः— विजय प्राप्त करने के लिए भगवान की कृपा कवच का रूप धारण करती हैं।

2 प्रश्नः— ईश्वर की उॅचाई किसे नीचा बनाने में समर्थ है?

उतरः— ईश्वर की उॅचाई आसमान को नीचा बनाने में समर्थ है।

3 प्रश्नः—— प्रार्थना में कवि ने चातक का बच्चा किसे माना है?

उतरः— प्रार्थना में कवि ने चातक का बच्चा स्वयं को माना है।

4 प्रश्नः— सुधा सार से क्या तात्पर्य है?

उतरः—सुधा सार से तात्पर्य अमृततत्व से है।

5 प्रश्न :— सुलघु हंस से क्या भाव है?

उतरः— सुलघु हंस से भाव चातक के छोटे से बच्चे से है।

6 प्रश्नः—सुरेश के माता पिता क्या काम करतें है?

उतरः— सुरेश के माता पिता पढ़ाने का काम करतें है।

7 प्रश्नः— महेश कौन से स्कूल में पढ़ता है?

उतरः—महेश दयानन्द स्कूल में पढ़ता है।

8 प्रश्नः—सुरेश और महेश स्कूल में किस लिए गए?

उतरः— महेश और सुरेश स्कूल में दाखिला लेने के लिए गए।

9 प्रश्नः— अध्यापक ने सुरेश और महेश को क्या कहा?

उतरः—अध्यापक ने सुरेश और महेश को मुख्यअध्यापक के कमरे में जाने को कहा।

10 प्रश्नः—स्कूल में प्रवेश किस की आज्ञा से मिलता है?

उतरः—स्कूल में प्रवेश मुख्यअध्यापक की आज्ञा से मिलता हैं।

11 प्रश्नः—पुस्तकालय में कितनी अलमारियॉ है?

उतरः—पुस्तकालय में दस अलमारियॉ हैं।

12 प्रश्नः—पुस्तकालय की दीवारों पर क्या लिखा हुआ है?

उतर :— पुस्तकालय की दीवारों पर शिक्षादायक सूक्तियॉ लिखी हुई हैं।

13 प्रश्न :— वाचनालय का क्या लाभ है?

उतरः— वाचनालय में बच्चे बोलकर पाठ पढ़ सकतें हैं।

14 प्रश्नः— पुस्तक—कोष से हमें क्या लाभ हैं?

उतरः—पुस्तक— कोष से बच्चों को सारे साल के लिए किताबें मिलती हैं।विद्यार्थी सालभर पुस्तकें पढ़कर लौटा देते हैं।

15 प्रश्नः— मनुष्य की विनाश के समय बुद्धि कैसी हो जाती है?

उतरः— मनुष्य की विनाश के समय बुद्धि फिर जाती है।

16 प्रश्नः— कैसा कथन दुर्लभ है?

उतरः—हितकर और मनोहारी वचन दुर्लभ है।

17 प्रश्नः—किसकी पूजा सब जगह होती है?

उतरः—विद्वान की पूजा सब जगह होती है।

18 प्रश्नः+—मनुष्य के कार्य कैसे सिद्ध होते है?

उतरः— मनुष्य के कार्य उद्यम करने से सिद्ध होते हैं।

19 प्रश्नः—किस के बिना मनुष्य पशु के समान है?

उतरः—विद्या के बिना मनुष्य पशु के समान है।

20 प्रश्नः—हंस को किसने घायल किया ?

उतरः— हंस को सिद्धार्थ ने घायल किया।

21 प्रश्न :— सिद्धार्थ ने हंस की किस प्रकार रक्षा की?

उतरः—सिद्धार्थ ने हंस की मरहम पट्टी करके उसकी रक्षा की।

prepared by seema govt sen sec smart school fzr .vetted by Suman Sharma retaired lecturer Sanskrit Dev Samaj college for Women fzr city.

22 प्रश्नः– सिद्धार्थ ने देवदत को क्या कहा ?

उतरः–सिद्धार्थ ने देवदत को कहा मैने इसकी रक्षा की है इसलिए यह हंस मेरा है।

23 प्रश्न :–राजा ने इस विवाद को सुनकर क्या कहा ?

उतरः–राजा ने इस विवाद को सुनकर सिद्धार्थ के पक्ष में निर्णय लिया ।उसने कहा सिद्धार्थ ने इसको बचाया है इसलिए यह हंस सिद्धार्थ का है।

24 प्रश्नः–समाचार पत्र के लाभ बताऍ?

उतरः–समाचार पत्र दैनिक घटनाओं का दर्पण होता है।

25 प्रश्नः– समाचार पत्र के मुख्य विषय क्या– क्या होते हैं?

उतरः–राजनीति के समाचार , समाजिक समाचार , खेल जगत के समाचार देश विदेश के समाचार इसके मुख्य विषय होते है।

26 प्रश्न :–विभिन्न स्थानों से समाचार कैसे भेजे जाते है।

उतर :–विभिन्न स्थानों से समाचार टैलीफोने एवं फेक्स से भेजे जाते हैं ?

27 प्रश्नः–श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी का जन्म कब और कहॉ हुआा?

उतरः–– श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी का जन्म 1666 ईस्वी में बिहार के पटना जिले में हुआ।

28 प्रश्नः– श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी के पिता कौन थे ?

उतर :– श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी के पिता गुरू तेग बहादुर जी थे।

29 प्रश्नः–श्री गुरू तेग बहादुर जी ने अपने जीवन का बलिदान क्यों दिया ?

उतरः– श्री गुरू तेग बहादुर जी ने धर्म की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।

30 प्रश्नः– श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना कब और कहॉ की ?

उतरः– श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना 1699 ईस्वी में आनन्दपुर साहिब में की।

31प्रश्नः–गुरू जी की मुख्य रचनाओं के नाम बताओ?

उतरः– उनकी मुख्य रचनाऍ हैं–विचित्र नाटक, अकालस्तुति, चण्डीचरित्र ,।

32 प्रश्नः–मनुष्य को जीवन के पहले ,दूसरे और तीसरे भाग में क्या करना चाहिए?

उतरः– मनुष्य को जीवन के पहले भाग में विद्या प्राप्त करनी चाहिए, दूसरे भाग में धन कमाना चाहिए,और तीसरे भाग में पुण्य कमाना चाहिए।

33 प्रश्नः– किस मनुष्य का ीविन सफल माना गया है ?

उतरः– जिस के बन्धु बान्धव सुखी हैं उसका जीवन सफल माना गया है।

34 प्रश्नः– मूर्ख को उपदेश देने से क्या होता है ?

उतरः– मूर्ख को उपदेश देने से उसका क्रोध और बढ़ जाता हैं।

35 प्रश्नः–जलाशय में कौन रहता था ?

उतरः– जलाशय में कम्बुग्रीव नामक कछुआ रहता था।

36 प्रश्नः–हंस और कछुआ एक स्थान से दूसरे स्थान पर क्यों जाना चाहते थे ?

उतरः– हंस और कछुआ वर्षा के अभाव में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना चाहते थे।

37 प्रश्नः–लोगों के कोलाहल को सुनकर कछुए ने क्या कहा ?

उतरः– लोगों के कोलाहल को सुनकर कछुआ बोलने लगा ज्यों ही बोलने के लिए मुँह खोला नीचे गिर गया।

38 प्रश्नः–हंसों ने कछुए को रास्ते में क्या करने के लिए कहा ?

उतरः– हंसों ने कछुए को रास्ते में चुप रहने के लिए कहा।

39 प्रश्नः– मित्रों की बात न मानने पर क्या होता है ?

उतरः– मित्रों की बात न मानने पर मनुष्य घोर विपति में पड़ जाता है।

40 प्रश्नः– सद् व्यवहार का क्या अर्थ है?

उतरः– सद् व्यवहार का अर्थ है,अच्छा व्यवहार।

41 प्रश्नः– सद् व्यवहार से क्या लाभ होता है ?

उतरः– सद् व्यवहार से शत्रू भी मित्र बन जाता है।

42 प्रश्नः– आप दैनिक जीवन में सद् व्यवहार का पालन कैसे करोगे?

उतरः– हम सदा सच बोलेंगें ,सब जगह सभ्य आचरण करेंगें सदैव विनम्र बने रहेंगें।

prepared by Seema Sanskrit Mistress .